पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03 / परीक्षा–91 / 2023
बिहार कर्मचारी चयन आयोग,
पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक:– 3816 / आ०

पटना, दिनांक:– 19.9.2023

बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सुयोग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु वि0सं0–02 / 23, द्वितीय इंटर स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का विज्ञापन आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है। अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन आयोग के वेबसाइट पर दिनांक– 27.09.2023 से 11.11.2023 तक की अवधि में समर्पित किया जा सकता है।

इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे वांछित प्रमाण–पत्रों यथा–शैक्षणिक / तकनीकी / वांछनीय योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र / अंक–पत्र / दिव्यांगता प्रमााण–पत्र / सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत निवास प्रमाण–पत्र / क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र / जाति प्रमाण–पत्र / EWS प्रमाण–पत्र / स्वतंत्रता सेनानी के पोता / पोती / नाती / नतीनी संबंधी प्रमाण–पत्र आदि का संकलन ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व कर लें।

अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने के दौरान अपने नाम, पिता का नाम, पता, लिंग, जन्मतिथि, आरक्षण कोटि, दिव्यांगता, प्रमाण–पत्र संख्या इत्यादि की विवरणी प्रविष्ट करते समय पूर्ण सतर्कता बरतेंगे क्योंकि किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन आवेदन–पत्र भर कर समर्पित (Submit) कर देने के पश्चात् ऑनलाइन प्रपत्र में की गई प्रविष्टियों में सुधार संभव नहीं होगा।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

19.09.2023

सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।